NEP के अनुसार छत्तीसगढ़ स्कूल की पाठ्य पुस्तकें

चर्चा में क्यों?

छत्तीसगढ़ राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद के सहयोग से राष्ट्रीय शिक्षा नीति (National Education Policy- NEP), 2020 के मानदंडों के अनुसार स्कूली छात्रों के लिये **पाठ्य पुस्तक लेखन एवं पाठ्यक्रम विकास** की पहल करने वाला पहला राज्य बन गया है।

मुख्य बिंदु:

- इसका उद्देश्य **अगले शैक्षणिक सत्र तक** कक्षा 1-3 और 6 के लिये **पाठ्यक्रम में परिवर्तन** लाना है।
  - छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री ने अधिकारियों से राज्य में NEP के ईमानदारी से कार्यान्वयन के लिये प्रक्रिया में तेज़ी लाने का आग्रह एवं निर्देश दिया है।

राष्ट्रीय शिक्षा नीति (National Education Policy- NEP), 2020

- **राष्ट्रीय शिक्षा नीति (National Education Policy- NEP), 2020** का उद्देश्य भारत की सांस्कृतिक विरासत को संरक्षित करते हुए 21वीं सदी के लक्ष्यों और सतत् विकास लक्ष्य 4 (Sustainable Development Goal- 4) को पूरा करने के लिये शिक्षा प्रणाली में सुधार करके भारत की उभरती विकास आवश्यकताओं को पूरा करना है।
- इसने राष्ट्रीय शिक्षा नीति, 1986 का स्थान लिया, जिसे 1992 में संशोधित किया गया था।

राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद (National Council of Educational Research and Training- NCERT)

- NCERT एक **स्वायत्त संगठन है जिसकी स्थापना वर्ष 1961 में सोसायटी पंजीकरण अधिनियम, 1860** के तहत की गई थी।
- यह **स्कूल शिक्षा से संबंधित मामलों पर केंद्र और राज्य सरकारों को सलाह देने वाली सर्वोच्च संस्था** है।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/chhattisgarh-school-textbooks-as-per-nep